# STORY LINE INDIA

...KHABAR ZINDAGI KI




## शुभ दीपावली

शुभ दीपावली

# STORY LINE INDIA
...KHABAR ZINDAGI KI



## साधना कुमार
मुख्य संपादिका




PG 4-5
Pragya Deep



PG 6-7
Amrita Sharma



PG 8-9
Rohit Kumar Tiwari



PG 10-11
Shristi shreya



PG 12-13
Aastha Ananya



PG 14-15
Preet Sharma



PG 16-17
डांडिया नाइट



PG 18-19



PG 20-21-22
रिंकी तिवारी



PG 23



PG 24-25-26

# दीपावली की सभी देशवासियों को शुभकामना

## संपादकीय

शरद की अगवानी का त्योहार है दीवाली। दीयों और रोशनी का त्योहार, खुशियों और उल्लास का पर्व, मेलों-ठेलों का पर्व और वह भी कोई एक या दो दिन का नहीं पूरे पांच रोज का। दीपावली का त्योहार धनतेरस से शुरू होता है और भैया दूज तक लगातार पांच दिन तक चलता है। पूरे देश में यह त्योहार समान रूप से मनाया जाता है और हिंदू, सिख, जैन तथा बौद्ध आदि सभी इसे मनाते हैं।

रोशनी के इस त्योहार का जितना धार्मिक महत्व है उतना ही अधिक यह उल्लास का भी पर्व है। इस दिन पूरे देश में जितनी खरीदारी होती है उतनी शायद किसी भी त्योहार में नहीं। गरीब से गरीब आदमी भी दीपावली में बर्तन से लेकर कपड़े, गहने, घर व गाड़ी सब खरीद लेना चाहते हैं। इसीलिए व्यापारी इसे त्योहारी सीजन भी कहते हैं। दीपावली का त्योहार धनतेरस से शुरू होता है। मान्यता है कि इस दिन कुछ खरीदारी जरूर करनी चाहिए। धनतेरस के दिन बर्तन से लेकर वाहन एवं सोने की खरीद के लिए शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन देर रात तक लोग खरीदारी करते हैं। इसी तरह अगले दिन छोटी दीवाली मनाई जाती है,इस दिन रात के समय बाथरूम व घर के बाहर एक-दो दीया रखकर रोशनी की जाती है और कहा जाता है कि घर के अंदर के सभी अपशकुन दूर हों। तीसरा दिन दीपावली का है। इस दिन सुबह से ही लोग अपने परिवार वालों के साथ मिल कर दीया रंगोली के द्वारा घर के साज सज्जा में लगे रहते हैं। खाता पूजन से लेकर इस दिन पैसा नहीं खर्च करने का दिन है। आमतौर पर दीपावली के रोज खरीदारी से बचा जाता है। शाम को शुभ मुहूर्त में गणेश लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जाती है और उन्हें फल फूल, मिठाई तथा खीर का भोग लगाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन रात के किसी समय लक्ष्मी जी का घर में आगमन हो सकता है इसलिए उनकी अगवानी के लिए घर में पर्याप्त रोशनी की जाए। चूंकि पटाखे छुड़ाने का रिवाज भी है इसलिए लोग बाग दीवाली पूजन के बाद पटाखे छुड़ाते हैं। और अक्सर इतने पटाखे छुड़ाए जाते हैं कि सिर्फ एक ही दिन में हवा में प्रदूषण खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। इससे जो लोग अस्थमा के मरीज होते हैं उन्हें काफी परेशानी होती है।

दीपावली के अगले रोज का पर्व है गोवर्धन या अन्नकूट पूजा। मान्यता है कि इस दिन विष्णु ने इंद्र की पूजा खत्म कराई थी और अपनी पूजा शुरू कराई थी इसलिए यह दीपावली के अगले रोज मनाया जाने वाला पर्व है। इसके बाद तीसरे दिन भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन मथुरा में यम ने यमी से टीका लगवाया था। यमी यान यमुना नदी जो यम की छोटी बहन है। इसीलिए यम द्वितीया यानी भाई दूज पर्व को मनाया जाता है। इसमें बहनें अपने-अपने भाइयों को टीका लगाती हैं। और बदले में भाई बहन की रक्षा की कसम लेता है। धनतेरस से भाई दूज तक चलने वाला यह पर्व इसी के साथ समाप्त हो जाता है।

अकेले दीपावली का बाजार अपने देश में करीब एक लाख करोड़ का है। ऐसा त्योहार हर एक के लिए खुशियां और सौगात लेकर आता है। दीपावली की यह रौनक और यह उत्साह हमेशा बना रहना चाहिए।



**साधना कुमार**

मुख्य संपादिका

# Pragya Deep

## Mrs.Universe india international 2023

मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल खिताब को जीतने वाली प्रज्ञा दीप ,जो की रांची के ही हटिया क्षेत्र की रहने वाली है, उन्होंने एमबीऐ की पढाई पूरी की है। वर्तमान मे एयरलाइन रांची मे सीनियर एक्सक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। प्रज्ञा दीप के पिता श्री दीपक कुमार,इलाहाबाद बैक से सेवा निवृत, प्रबंधक है। मां डां वन्दना कुमारी, संयुक्त सचिव कल्याण विभाग, झारखंड सरकार मे कार्यरत है। इनके दोनो छोटे भाई ईश्वर दीप एंवम प्रणव दीप जर्मनी मे रहकर बी, टेक की पढाई पूरी कर जर्मनी मे ही काम कर रहे है।

प्रज्ञा दीप के अभिभावक हमेशा इन्हे आगे बढने की एंव जीवन को सफलता की ऊंचाईयों पर ले जाने की प्रेरणा दी है। अपने सफ़लता का श्रेय प्रज्ञा दीप अपने परिवार वालों को देती है, जिन्होने हमेशा मुझ पर विश्वास रखा और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आज जिस सफ़लता को पा कर में प्रफुलित हु, उसके हकदार मेरे परिवार वालों भी है। मै आगे भी इंटरनेशनल खिताब जीत कर, अपने परिवार वालों को और देश को गौरवानवित करूगी।







SK Universe India International
MR. WINNE
WINNER


MR. WIN
WINNER


23

**Pragya Deep**

# Amrita Sharma

## Mrs. Universe India international runner up 2023





अमृता शर्मा मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल मे रनर अप टैग जीत कर अपने आपको साबित की है कि सोच ऊंची हो तो सब पास है। वो कहती हैं कि ये खिताब जीत कर मैं बहुत खुश हूं, अपने पति और परिवार का आभार जताती हु। पेशे से मेकअप आर्टिस्ट अमृता शर्मा ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और सफलता प्राप्त की। सारे लोग उनकी सफलता से उत्साहित है।





# Amrita Sharma

















# Rohit Kumar Tiwari

**Mr.Universe india international 2023**

मेरा नाम रोहित कुमार है मेरी उम्र 19 वर्ष है मैं झारखंड झारखंड राज्य का रहने वाला हूं मैंने लाला लाजपत राय से पढ़ाई किया है अभी मैं संत पॉल कॉलेज में इंग्लिश ऑनर्स से ग्रेजुएशन कर रहा हूं। मुझे बचपन से ही मॉडलिंग का शौक रहा है और मैं अपने स्कूल में मॉडलिंग कंपटीशन में भाग लेता आया हूं लेकिन मैं एक मिडिल क्लास फैमिली से होने के कारण अपने सपने से दूर हो रहा था इसके बाद मैंने काम करना शुरू किया खुद के सपनों को पूरा करने के लिए। लाइफ में बहुत सारी मुश्किलें आयी मॉडलिंग को लेकर लेकिन मैं रुका नहीं अपने सपने को पूरा करने के लिए हर कोशिश किया। मैंने वैम्स मॉडलिंग इंस्टीट्यूट से अपनी मॉडलिंग करियर की शुरुआत की जहां मुझे मेरे गुरु वसीम आलम सर ने साथ दिया और आगे का रास्ता दिखाया मैं 2022 में अपना पहला पड़ाव पार किया वैम्स का नंबर वन मॉडल बनकर मिस्टर झारखंड का खिताब जीता जो मेरे जिंदगी की बहुत बड़ी सफलता थी । इसके बाद मुझे मॉडलिंग से जुड़े ऑफर्स आने लगे मैं अपने सपनों की तरफ बढ़ता गया जिसमें मेरे परिवार का बहुत बड़ा योगदान रहा मेरी मां मेरे हर कदम पर मेरे साथ खड़ी रही मैं मिस्टर झारखंड का खिताब जीतने के बाद मैंने बहुत सारे शोज किए। उसके बाद मैं नेशनल शोज के लिए मैंने तैयारी शुरू कर दी इसी दौरान मुझे साधना मैम के तरफ से मिस्टर यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल शो का ऑफर मिला मैं दिल्ली मैंने इस खिताब को भी हासिल किया जिसमें साधना मैं का बहुत बड़ा योगदान रहा जिसके लिए मैं अपने सारे गुरुओं को और दोस्तों को धन्यवाद करना चाहता हूं।

"मैं आने वाले सारे मॉडल्स को एक मैसेज देना चाहता हूं कि अगर आपको अपने सपनों को पूरा करना है तो सिर्फ अपने सपनों के पीछे नहीं उसे पाने के लिए उसे मेहनत के पीछे भागे और खुद पर भरोसा रखें अगर रोहित तिवारी यह कर सकता है मतलब हर मिडिल क्लास फैमिली का लड़का या लड़की यह कर सकते हैं"!

# Rohit Kumar Tiwari










सृष्टि श्रेया का जन्म 1 नवंबर 2001 को मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) में हुआ है। इनकी माता का नाम डॉ मीना सिंह, जो बीआईटी, मेसरा, रांची में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं तथा पिताजी श्री राजीव रंजन सिंह, बिहार सचिवालय,पटना में कार्यरत हैं।

-सृष्टि श्रेया मेदिनी नगर के प्रतिष्ठित " सेक्रेड हार्ट स्कूल, चियांकी " से प्राइमरी शिक्षा तथा मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट (साइंस) की पढ़ाई "मनन विद्या,रांची " से पूरी की हैं।

-इन्होंने अपने पहले ही प्रयास में CLAT जैसे कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर "National University of Study & Research in Law, Ranchi" से 5 years integrated BA LLB (Honours) की डिग्री जून, 2023 में प्राप्त की है। -पढ़ाई में अव्वल होने के साथ-साथ सृष्टि श्रेया फैशन, Modelling & Acting, संगीत तथा खेल में भी काफी रुचि रखती हैं। इन्हें खाली समय में बैडमिंटन खेलना तथा तबला बजाने का शौक है। आज मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनलफर्स्ट रनर अप का खिताब जीत ने का श्रेय वो साधना मैम को देती हैं, जिनके मार्गदर्शन में सफ़लता प्राप्त कर पाई है। इन्होंने मॉडलिंग में भी "WAMS Institute, Ranchi" से 2022 में ट्रेनिंग प्राप्त किया है तथा ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद 08 (आठ) नागपुरी एल्बम में काम किया, जो एल्बम रिलीज भी हुए।

-इनका "मोर दिल में" नागपुरी वीडियो एल्बम, जो नागपुरी नायक श्री विवेक नायक के साथ फिल्माया गया तथा श्री पवन राय के द्वारा गाया हुआ गाना काफी लोकप्रिय हुआ। इसी तरह "आरजू है मोर" नागपुरी वीडियो एल्बम, जो नागपुरी नायक रोहित आर. के. के साथ फिल्माया गया तथा श्री सुजीत मिंज एवं श्रीमती मोनिका मुंडू के द्वारा गाया हुआ गाना सफलता की नई बुलंदियों को दिन प्रतिदिन छू रहा है।

-सृष्टि श्रेया सामाजिक कार्य में भी पूरी दिलचस्पी रखती हैं। इन्हें जब भी समय मिलता है, गांव में जाकर मेडिएशन का कार्य करती हैं, ताकि गांव घर में मेलजोल एवं सौहार्द बना रहे। ये स्ट्रीट डॉग पर भी कार्य करने की रुचि रखती हैं, ताकि स्ट्रीट डॉग को भी समय पर खाना एवं उपचार आदि मिलता रहे।

-सृष्टि श्रेया अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर,अपने माता-पिता, दिवंगत दादाजी, "WAMS Institute, Ranchi " के डायरेक्टर वसीम आलम सर, अपने डिजाइनर, मेकअप आर्टिस्ट विक्की और रॉकी तथा अपनी बहनें एवं भाई को देती हैं।




## Shristi shreya

**1st runner up miss. universe india international 2023**






# Shristi shreya



## उपलब्धियां

सृष्टि श्रेया ने अपने छोटे से मॉडलिंग कैरियर में जिन जिन प्रतियोगिताओं में भाग लिया,वहां पर कुछ न कुछ खिताब अपने नाम अवश्य किया। सृष्टि श्रेया की दिली इच्छा है कि वह मिस इंडिया का खिताब जीते।

## सृष्टि श्रेया के द्वारा जीते गए खिताब

1. Sawan Queen, 2022- 2nd. Runner up
2. Miss Jharkhand, 2022-Winner
3. Sawan Queen,2023-Winner
4. Miss Star Model of India Show (Bewadi Rajasthan) -1st. Runner up
5. Star Model of India Show-Winner Miss Style Icon.
6. Miss Sarvodya Sera Mukh 2023 (Oriflame Kolkata)- 1st runner up
7. Miss Universe India International 2023 ( Noida UP) - 1st runner up

इस तरह सृष्टि श्रेया ने बहुत ही कम समय में झारखंड में मॉडलिंग के क्षेत्र में काफी सफलताएं अर्जित की हैं।

# Aastha Ananya

**2nd runner up miss.universe india international 2023**






मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल रनर अप आस्था अनन्या, वह रांची के रहने वाली है ।उनकी माता डॉक्टर मीना सिंह बेटी के साथ हमेशा कर कम से कदम मिलाकर चलती है । अपनी मां से प्रेरणा पाकर उन्हें कई सारे फैशन शो में भी हिस्सा लिया है अभी हाल ही में एसके स्टार और स्टोरी लाइन इंडिया द्वारा नेशनल ब्यूटी प्रजेंट का आयोजन किया गया था, मिस्टर मिस मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल जिसमें वह सेकंड रनर अप का किताब जीता। किताब अपने नाम की इसके लिए वह अपने माता-पिता , साधना मैम जो की स्टोरी लाइन इंडिया की डायरेक्टर को धन्यवाद कहना चाहती है जिसके चलते आज वह यह सफलता प्राप्त की है और साधना जी से वह प्रेरित होकर, उनके योगदान से आज की सफ़लता प्राप्त हुई।इस खिताब जो मिला है, इस से प्रेरित होकर आगे हिस्सा लेगी और सफ़लता प्राप्त करेगी।

# Aastha Ananya




आस्था अनन्य ने अपनी 12 वी तक की पढ़ाई मनन विद्या स्कूल से करने  के तत्पश्चात मेडिकल की तैयारी कर रही है वो पढ़ाई में अव्वल रहने के साथ साथ मॉडलिंग में भी रुचि रखती है। उसने रांची में होने वाले फैशन शो में भी हिस्सा लिया और कई टाइटल्स अपने नाम किया , जीत भी हासिल की हाल ही में होने वाले प्रतियोगिता s.k star universe international India 2023 में भी आस्था ने हिस्सा लिया और 2nd runner-up का खिताब अपने नाम किया। आस्था अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेंटर साधना कुमार और वसीम आलम को देती है जिन्होंने उसे प्रेरणा और हौसला दिया इस मुकाम तक पोहोचने के लिए।





रांची झारखंड के ही रहने वाले छोटे से बच्चे ने नेशनल ब्यूटी प्रेजेंट में अपने घर परिवार के साथ ही राज्य का नाम रोशन किया है। स्टोरी लाइन इंडिया कंपनी और एसके स्टार कंपनी के द्वारा 29 अक्टूबर को मिस्टर मिस मैसेज एंड किड्स यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल का आयोजन नोएडा में किया गया था। प्रीत शर्मा ने सेकंड रनर अप का किताब जीता। उनकी माता अमृता शर्मा इस पर कहती कि वह इस सफलता को देखकर काफी खुश है आगे भी अपने होनहार बच्चे को अलग-अलग प्रतियोगिता में हिस्सा दिलाते रहेंगे और उनके लिए प्रेरणा बन के साथ रहेगी।

# Preet Sharma

**Kid's runner up mr.universe india international 2023**









## Preet Sharma













दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर पनाश एंटरप्राइजेज और बीडी इवेंट मैनेजमेंट कम्पनी ने मिलकर डांडिया नाइट का आयोजन होटल गुरु में किया। जहां अवसर था पनाश एंटरप्राइजेज के लांचिंग का। इस अवसर पर शहर के कोने कोने से लोग उपस्थिति हुए और डांडिया नाइट के साथ ही स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लिए।
















बिहार के दरभंगा जिला के आधारपुर गांव में सालो से दीवाली के अवसर पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर तीन दिनों तक भव्य आयोजन किया जाता है। माता लक्ष्मी जी की प्रतिमा की पुजा अर्चना उसी गांव के निवासी व पूर्व आरडीडीई डाक्टर चंद्र प्रकाश झा जी के द्वारा किया जाता हैं। घर परिवार के साथ ही सारे गांव वाले अति उत्साहित होकर इस अवसर पर  सम्मिलित होते हैं। लक्ष्मी पूजा के अवसर पर गांव में मेला का आयोजन होता है साथ ही माता जागरण या अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन इस अवसर पर किया जाता है। पूर्व आरडीडीई डाक्टर चंद्र प्रकाश झा जी कहते हैं कि व अपने बचपन से ही लगभग 1970 से ही दीवाली के अवसर पर लक्ष्मी माता की प्रतिमा स्थापित कर पुजा अर्चना करते हैं, तीन दिनों तक लगातार दिन और रात दोनो समय माता की पुजा अर्चना और भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मोहल्ला वासी गांव के लोग उपस्थित होते हैं। तीन दिनों के बाद लक्ष्मी माता के प्रतिमा को बहुत धूम धाम से पद यात्रा कर के गांव के ही तालाब में विसर्जित किया जाता है। इस आशा के साथ ही की माता लक्ष्मी जी पुन: अगले साल पधारेगी।









# रिंकी तिवारी

**1.** रिंकी तिवारी के बारे में हमारे पाठकों को बताएं

**उत्तर :** रिंकी तिवारी बहुत ही सिंपल लिभिंग हाई थिंकिंग सोच रखने वाली महिला है जो अपने परिवार और अपने लिए हमेशा कुछ नया करने की चाहत रखती है। इसी चाहत के वजह से मैं समाज कल्याण के लिए प्रेरित होती रही हू और समाज के हित में लगातार काम करने के लिए तत्पर हूं।

**2.** पारिवारिक जिम्मेदारियां के लिए अपने बैंक की जॉब छोड़कर अपने परिवार को चुना, आज आप अपने इस फैसले से कितना संतुष्ट हैं।



**उत्तर :** मैं होंश सभालने के बाद से खुद के बल पर कुछ करना चाहती थी. सेल्फ डिपेंडेंस बनना चाहती थी. कॉलेज के समय से कुछ अपना कैरियर बनाना चाहती थी. समाज सेवा की भी तमन्ना रही है. मगर विवाह जल्दी हो गयी, पढ़ाई के बाद कुछ नहीं कर पायी. मगर जब बैंक में ऑफर मिला तो नौकरी कर ली. लगा कि जो बचपन सा सोचा था, वह अब पूरा होने वाला है. मगर हालात और छोटे-छोटे बच्चों के कारण मुझे नौकरी छोडनी पड़ी. फैसले से अधिक संतुष्ट तो नहीं हूं मगर इस बात की संतुष्टि है कि मैंने अपना घर संभाल लिया और बच्चों को बड़ा कर दिया और आज मुझे इस बात की संतुष्टि है कि बच्चे अपने जीवन में सफल हो रहे हैं।

**3.** आज रिंकी तिवारी कहां है और क्या सब कर रही है.... विस्तृत रूप से बताएं।

**उत्तर -**आज कुछ बड़ा तो नहीं कर रही हूं हां मगर विगत 15 सालों से किसी न किसी संगठन से जुड़कर समाज सेवा कर रही हूं. एक छोटी बेटी भी है जो अभी क्लास 4 में पढ़ रही है. घर को संभालना और बेटी को पढ़ा कर कुछ बनाना ही फिलहाल उद्देश्य है. मगर भविष्य में अगर कभी अच्छा अवसर मिला तो सेल्फ कॉंडिफिडेंशन और सेल्फ डिपेटेंट के लिए कुछ न कुछ अवश्य करूंगी।

**4.** अपने परिवार के बारे में जानकारी दीजिए, किस तरह से उनका सहयोग मिल रहा है.

**उत्तर-**मेरा ससुराल और मायके मिलाकर एक बड़ा परिवार है. मेरे पति एक व्यवासायी हैं. दो बेटे हैं. बड़ा बेटा प्लस टू की पढ़ाई करने के बाद बाहर पढ़ाई कर रहा है. छोटा बेटा अभी प्लस टू में है. एक बेटी है जो एक निजी स्कूल में वर्ग 4 में पढ़ रही है. घर में मैं, मेरे पति, एक बेटे और एक बेटी हैं. इसके अलावे अन्य परिवार सभी अपनी-अपनी जगह विभिन्न स्थानों पर रहते हैं. जहां तक सहयोग की बात है मेरा परिवार आवश्यकता एवं जरूरत के हिसाब से सहयोग करते रहते हैं.

**5.** आप लाइंस क्लब से जुड़ी हैं तो विस्तृत वर्णन कीजिए की लाइंस क्लब क्या है और कैसे इस से जुड़ कर कार्य किया जा सकता है।

**उत्तर -**देखिए लायंस क्लब एक समाजिक संगठन है. यह संगठन समाज के लिए हमेशा कुछ न कुछ करता रहता है. इस संगठन से जुड़कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक आप पहुंच सकते हैं. उनकी हर कदम पर अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग किया जा सकता है.

**6.**आगे अपने लिए क्या योजना बनाई है।किस तरह से परिवार को साथ लेकर चलते हुए भी अपनी पहचान खुद बनाएगी।

**उत्तर :** अभी फिलहाल तो ऐसी कोई बड़ी योजना नहीं है. हां मगर भविष्य में मौका और अवसर मिला तो सेल्फ डिपडेंट बनना चाहती हैं. ताकि खुद के लिए और समाज के लिए कुछ कर सकूं. आगे मौका मिला तो और अधिक बढ़-चढ़कर समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए कुछ करना चाहती हूं. परिवार ने सोशल सर्विस के लिए कभी रोड़ा पैदा नहीं किया. सहयोग ही मिला.

**7.** स्टोरी लाइन इंडिया के पाठको को कुछ राय देना चाहेगी.

**उत्तर :** मैं स्टोरी लाइन इंडिया के पाठकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और इसके बेहतर एवं उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं. यह अच्छा काम कर रहा है. पाठकों को इससे निश्चित रूप से जुड़ना चाहिए।

# रिंकी तिवारी








# रिंकी तिवारी













CALENDAR SHOOT 2023
Registration Open


CALENDAR SHOOT 2023
Registration Open
Priyanka Jaiswal



रांची के स्टोरी लाइन इंडिया कंपनी ने दिल्ली के एसके स्टार कंपनी के साथ मिलकर नेशनल ब्यूटी पेजेंट प्रोग्राम का अयोजन 29 अक्टूबर को नोएडा सेक्टर 62 के अस्पम स्कोत्तिश स्कूल में किया। जहां पर बॉलीवुड और हरियाणा फिल्म इंडस्ट्री के साथ ही गेस्ट के रूप मे कई नेशनल व इंटरनेशनल पर्सनेलिटी मौजूद थे। शो में सात जूरी विभिन क्षेत्रों से मौजूद थे जिसमें स्टोरी लाइन इंडिया की डायरेक्टर साधना कुमर ग्रांड जूरी के रूप में शिरकत की। जिन्हे एसके स्टार कंपनी के डायरेक्ट संदीप गोवस्वामी और सोनिया खताना ने बुलाया था। इस शो में मिस्टर, मिस, मिसेज और किड्स चार कैटेगरी में परितोयिगिता का अयोजन हुआ जिसमें करीब दो सो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, झारखंड से भी छः प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें से सभी छः प्रतिभागिय विभिन्न कैटेगरी में विनर बने।

रांची की ही प्रज्ञा दीप मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल खिताब को अपने नाम की। प्रज्ञा दीप ने कहा कि मैं इस खिताब को जीतने के लिए कड़ी मेहनत की है, इस जीत का श्रेय अपने परिवार को देना चाहूंगी, जिन्होंने ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किय।आगे भी मैं अपने राज्य और राष्ट्र को नेशनल और इंटरनेशनल लेबल पर रिप्रेजेंट कर खिताब जीत कर गौरवांवित करुगी। वही मिसेज रनर अप रांची की ही मेकअप आर्टिस्ट अमृता शर्मा हुए,साथ ही उनके बेटे प्रीत शर्मा किड्स रनर अप रहे। मिस्टर यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल के विजेता रांची के ही रोहित कुमार तिवारी बने, साथ ही श्रृष्टि सिंह व आस्था सिंह मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल खिताब को जीता व रनर अप के रूप में सफ़लता प्राप्त की। स्टोरी लाइन इंडिया की डायरेक्ट साधना कुमर ने कहा की नेशनल ब्यूटी पेजेंट में जिस तरह से था सारे प्रतिभागी ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। फिर भी जिस तरह से सारे कैटेगरी में हमारे विनर हुए है, हमारा नाम रोशन किया है, उस से गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। ये सभी प्रतिभागियों ने हमारे कंपनी के द्वारा ही अपना रजिस्ट्रेशन कराया था।नेशनल लेवल के प्रतियोगिता में उन्हें ले जाना और उनको जीतते देखकर काफी खुशी महसूस हो रही है। आगे भी प्रतिभागीयो के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करेगी जिस से इस क्षेत्र में वह आगे बढ़े और हम सब के साथ ही झारखंड का नाम रोशन करें।








S.K



# JHAR RAFT NXT 2023 (Season-2)

## का फाइनल दिसंबर में कराया जाएगा

### इस इवेंट को 3 कैटिगरी में बांटा गया है जिसमें -

*डिज़ाइनर शो (टैक्सटाइल एंड फैशन प्रेजेंटेशन)*
*झार नृत्य*
*झार सम्मान*

डिज़ाइनर शो के लिए मॉडल का ऑडिशन वाम्स  इंस्टिट्यूट के बैनर तले रांची में करवाया गया था, जिसमे झारखण्ड के हर डिस्ट्रिक्ट से कुल 80 मॉडल्स का सिलेक्शन फाइनल के लिए किया गया है, और

"झार नृत्य" झारखंड की सबसे बड़ी नृत्य प्रतियोगिता के लिए 90 डांसर का सेलेक्शन किया गया है,


डायरेक्टर वसीम आलम ने बताया की 17 + ग्रुप कैटेगरी में Wild Card एंट्री हो रही है जो इंटरेस्टेड है आप कांटेक्ट कर सकते हैं साथ ही साथ डिज़ाइनर शो के लिए जो डिजाइनर अपना ड्रेस शोकेस करना चाहते हैं वह अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं ,

और इस पूरे इवेंट के लिए SPONSORSHIP के लिए इंटरेस्टेड है वह भी हमें कांटेक्ट कर सकते हैं,

Wams Office, Samudra complex, 5th floor, Near Hari Om tower, Circular Road, Lalpur, Ranchi.

E- Mail :- wa ms4you@gmail.com
Contact :- 8340714813




Be Different Events
Registration Open
Priyanka Jaiswal
Director, Be Different Events
CALENDAR
SHOOT 2024
Category :
Kids ( 0-14 yrs)
Adults ( 15 and above)
Couples
(Married and Unmarried Both)
8092626809
7677771269
DATE OF SHOOT
26th November, 2023
Media Partner
GOOD MORNING
RANCHI NEWS
Lagatar
शुभम संदेश